हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, गुरुवार 26 जून 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

14 ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन पर जिला ...



12 प्यार से समझाइश के बाद भी नहीं माने ई- ...



# आपातकाल के 50 वर्ष के कार्यक्रम में जिले के मीसा बंदियों का किया गया सम्मान

## जिला प्रशासन ने कृषि उपज मंडी आयोजित किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आपातकाल लगाए जाने के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर "संविधान हत्या दिवस के कृषि मंडी प्रांगण बेमेतरा में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आपातकाल की विभीषिका, जनप्रतिरोध और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए हुए संघर्षों को याद किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य मंत्री दयालदास बघेल थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक दीपेश साहू, विधायक ईश्वर साहू, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ रजककार बोर्ड प्रह्लाद राजकर, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, जनपद अध्यक्ष हेमा दिवाकर जहां मौजूद थे वहीं अनेक जनप्रतिनिधि, नागरिक, एनसीसी, स्काउट-गाइड्स के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे। मंत्री श्री बघेल ने अपने संबोधन में कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र पर गहरा आघात था। संविधान और मौलिक अधिकारों को कुचलने वाली यह घटना लोकतंत्र की चेतावनी है। यह नई पीढ़ी के लिए एक सबक है कि लोकतंत्र की रक्षा सतत जागरूकता और संघर्ष से ही संभव है। यह हमारा दायित्व है कि हम लोकतंत्र की मर्यादा बनाए रखें और ऐसे किसी भी प्रयास का विरोध करें जो संविधान और नागरिक स्वतंत्रताओं को कमजोर करे। ▶▶| शेष पेज 13 पर

- संविधान दिवस पर जनप्रतिनिधियों का संदेश है लोकतंत्र सर्वोपरि
- आपातकाल की विभीषिका और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए हुए संघर्षों को याद किया




## खबर संक्षेप

### जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के सदस्य बने शिवम तिवारी



**बेमेतरा।** जिले के जनसेवक शिवम तिवारी को जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया। इस बोर्ड की देखरेख के लिए प्रकाश भारद्वाज, अपर कलेक्टर एवं अनु. अधिकारी (रा.), अनुविभाग बेमेतरा को नामांकित किया गया है। जिला सैनिक कल्याण बोर्ड का उद्देश्य पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों के कल्याण के लिए योजनाओं के क्रियान्वयन तथा स्थापित करना है।

### प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 30 को

**बेमेतरा।** जिले के ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो निजी क्षेत्रों में रोजगार करना चाहते है, उन्हें अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, बेमेतरा में 30 जून प्रातः 11:00 बजे से दोप. 03:00 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सिक्योरिटी गार्ड के 100 पद है योग्यता 08वीं, वेतनमान 10000-13000 आयु 20 से 45 वर्ष, वही सिक्योरिटी सुपरवाइजर के 50 पद. 12वीं वेतनमान 12000-17000 आयु 20 से 45 वर्ष स्थल रायपुर, दुर्ग, मिलाई हेतु भर्ती किया जाना है। जिला रोजगार कार्यालय नियोजक (निजी संस्था) तथा आवेदक के मध्य एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराता है तथा यह नियुक्ति केवल निजी क्षेत्र के संस्थाओं में कार्य हेतु किया जाता है। अतः पद, संस्था, कार्य, वेतन व अन्य पूर्ण जानकारी कैम्प में उपस्थित नियोजक या प्रतिनिधि से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। अधिसूचित रिक्त पदों पर रोजगार के अवसर प्राप्त करने हेतु इच्छुक आवेदक रोजगार कार्यालय का पंजीयन पत्रक, छ.ग. निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, एवं समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण पत्र के साथ संयुक्त जिला कार्यालय एवं कलेक्ट्रेट परिसर बेमेतरा, जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, बेमेतरा कक्ष क्रमांक 65 में दिनांक 30 जून 2025, सोमवार समय 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक उपस्थित हो सकते है।

### घर घुसकर बलात्कार 10 साल की सजा

**दुर्ग।** वैशालीनगर थाना अंतर्गत 32 वर्षीय महिला से घरघुसकर मारपीट कर बलात्कार करने वाले को कोर्ट ने 10 साल की सजा से दंडित किया। न्यायाधीश अवध किशोर के न्यायालय से यह फैसला आया। प्रकरण के मुताबिक घटना 12 मार्च 2022 को दोपहर करीब डेढ़ बजे की है। महिला घर में स्नान करने के बाद पूजा कर रही थी। तभी आरोपी केबल का पैसा लेने के नाम पर घर के अंदर घुसा। उसने महिला से जबरदस्ती की। शाम को पति के ड्यूटी से लौटने के बाद उसने इस बारे में जानकारी दी। इसके बाद वैशालीनगर पुलिस ने मामले में धारा 450, 342, 376, 324 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण न्यायालय में विचारण के लिए प्रस्तुत किया। जहां से आरोपी राम नगर निवासी ढाल सिंह पिता राम कुमार साहू (32 वर्ष) पर दोष सिद्ध पाया गया। आरोपी को धारा 450 में 5 साल और 2 रुपए अर्थदंड, धारा 342 में तीन माह, धारा 376 में 10 साल और 1 हजार रुपए अर्थदंड और धारा 324 में 6 माह की सजा सुनाई।

### संपति कर नहीं देने पर 5 गुना पेनल्टी जायज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई में बकाया संपत्तिकर की राशि जमा नहीं करने या स्व-विवरणी की जानकारी गलत भरने पर निगम द्वारा करदाता से 5 गुणा अतिरिक्त पेनाल्टी शुल्क लिए जाने का प्रावधान है। नोटिस जारी करने के बाद एक मामला सामने आया है, जिसमें भिलाई के एक व्यक्ति ने निगम के 5 गुणा पेनाल्टी शुल्क के खिलाफ उच्च न्यायालय बिलासपुर में याचिका क्रमांक 2873 के तहत याचिका दायर किया था।

## विसंगतियां : 320 स्कूलों का युक्तियुक्तकरण लेन-देन हुआ : अशीष छाबड़ा

# युक्तियुक्तकरण में अनियमितता का आरोप कांग्रेस ने डीईओ कार्यालय का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा के नेतृत्व में मंगलवार को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव करते हुए धरना-प्रदर्शन किया गया। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ आम नागरिक भी प्रदर्शन में शामिल हुए। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने किया। छाबड़ा ने आरोप लगाया कि बेमेतरा जिले की शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है।

अधिकारी शिक्षा के नाम पर केवल भ्रष्टाचार में लिप्त हैं और भाजपा के जनप्रतिनिधियों की शह पर मनमानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा जनप्रतिनिधि शिक्षा व्यवस्था की दुर्दशा पर आंख मूंदे बैठे हैं और निजी स्कूलों को बढ़ावा देने के लिए शासकीय स्कूलों को योजनाबद्ध तरीके से कमजोर किया जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें शिक्षा विभाग में युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया में भ्रष्टाचार की शिकायत की गई है। छाबड़ा ने बताया कि जिले में 320 स्कूलों का युक्तियुक्तकरण किया गया, लेकिन इसमें कई शिक्षकों को लेन-देन कर बचा लिया गया। वरिष्ठ शिक्षकों को जूनियर दिखाकर इधर-उधर किया गया और विकलांग शिक्षकों को भी इस प्रक्रिया में शामिल किया गया। स्वामी आत्मानंद स्मृति अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए छाबड़ा ने कहा कि इन स्कूलों में योग्य शिक्षकों की भर्ती न होने से छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। साथ ही आरोप लगाया कि इन स्कूलों में भर्ती प्रक्रिया में भारी भ्रष्टाचार हुआ है। प्रदर्शन में यह भी बताया गया कि शिक्षा विभाग द्वारा छात्रावास अधीक्षकों एवं अन्य पदों पर शिक्षकों का संलग्नीकरण अब भी जारी है, जबकि शासन ने इस पर रोक लगाई है। इसके चलते स्कूलों में शिक्षकों की और अधिक कमी हो गई है।




### अब तक मरम्मत नहीं

धरना प्रदर्शन में स्कूल भवनों की जर्जर स्थिति की भी बात उठाई गई। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि स्वामी आत्मानंद स्मृति हिंदी माध्यम कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा शासकीय शताब्दी अभ्यास शाला के कई कमरों की छतें एक वर्ष पहले आंधी-तूफान में उड़ गई थीं, लेकिन अब तक मरम्मत नहीं की गई है। प्रदर्शन में वरिष्ठ कांग्रेस नेता टी.आर. जनार्दन, सुरेंद्र तिवारी, विजय पारख, तोरना नायक, यवन डिंडोरी, लुकेश वर्मा, संतोष वर्मा, जितेन्द्र उपाध्याय, सुशील साहू, सुमन गोस्वामी, ओम वर्मा, हरीश साहू, शशिप्रभा गायकवाड़, बालकुमारी ध्रुव, सुशीला जोशी, चंद्रप्रकाश साहू, दिनेश पटेल, मिथिलेश वर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डिजिटलाइजेशन सेंटर का जिला न्यायालय में शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्यन्यायाधिपति रमेश सिन्हा द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय बेमेतरा मे डिजिटलाइजेशन सेंटर का वर्चुअल उद्घाटन किया गया। उक्त वर्चुअल उद्घाटन में डिजिटल ई-समंस का भी शुभांरभ किया गया जिसके माध्यम से पक्षकारों को तुरंत ही अपने प्रकरण में पेशी तिथि पर उपस्थित होने हेतु ऑनलाईन जानकारी प्राप्त हो सकेगी। इसके साथ ही प्रदेश के 23 जिलो के जिला अस्पतालों में विडियों कान्फ्रेसिंग सुविधा भी उपलब्ध कराई गई जिसके चलते डॉक्टर, पीड़ित पक्षकार हॉस्पिटल से न्यायालय में विडियों कान्फ्रेसिंग के माध्यम से अपना बयान व उपस्थिति दर्ज करा सकेंगें। मुख्य न्यायाधिपति द्वारा कहा गया कि डिजिटलाइजेशन का उद्देश्य फाइलों में डिजिटल रूप से काम करने के कई फायदे होतें हैं, जैसे दक्षता में वृद्धि, लागत में कमी, बेहतर पहुंच, सुरक्षा में सुधार और पर्यावरण संरक्षण भी शामिल है। प्रदेश के समस्त न्यायालयों के न्यायालयीन दस्तावेजों को डिजिटल फार्मेट में संग्रहित कर पेपर लेस कोर्ट बनाये जाने की ओर एक सुखद कदम है।

- उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्यन्यायाधिपति ने किया वर्चुअल उद्घाटन

कार्यकम में स्वागत उद्बोधन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि एक सुदृढ़ न्याय व्यवस्था के लिए हमारे मुख्य न्यायाधिपति श्री रमेश सिन्हा के द्वारा हमेशा एक से बढ़कर एक कदम उठाये गये हैं। इसी विजन के तहत आज प्रदेश के अंतिम चार जिलों के साथ संपूर्ण छत्तीसगढ़ में डिजिटलाइजेशन का कार्य का प्रारंभसाकार रूप लेने जा रहा है।

# आध्यात्मिक क्रांति की अग्रदूत थीं मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती : शशि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय स्थित ब्रह्माकुमारीज में आध्यात्मिक ज्ञान दिवस मनाया गया इस मौके पर प्रथम मुख्य प्रशासिका की 60 वीं पुण्यतिथि में मातेश्वरी को श्रद्धांजलि अर्पित किया और उनके द्वारा दिए गए आध्यात्मिक ज्ञान को याद किया।

ब्रह्माकुमारीज शशि दीदी ने मातेश्वरी जी के जीवन और शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती मम्मा का जन्म 1919 में अविभाजित भारत के सिंध हैदराबाद में एक सामान्य परिवार में हुआ था, उनके बचपन का नाम "ओम राधे" था जब ओम की ध्वनि का उच्चारण करती थी तो पूरे वातावरण में गहन शांति छा जाती थी इसलिए भी ओम राधे के नाम से लोकप्रिय हुई, जगदंबा जी का व्यक्तित्व समस्त नारी जगत के लिए गौरव और प्रेरणा का स्त्रोत है । मातेश्वरी जी ने आध्यात्मिक शक्ति के द्वारा मानवता की सेवा के पथ को उस समय चुना जब नारिओं को घर से बाहर निकलने की अनुमति नहीं होती थी । भारतीय संस्कृति के उत्थान के लिए मातेश्वरी जी का यह त्याग समर्पण और सेवा तथा विश्व के लिए अत्यंत गौरव का विषय है । मातेश्वरी जी ने अपने त्याग तपस्या और सेवा से समस्त मानव समुदाय को जीवन मुक्ति की राह दिखाई तथा नारिओं को अध्यात्म के पथ पर चलते हुए समाज की सेवा करने के लिए प्रेरणा प्रदान किया, मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती मम्मा का जैसा नाम था वैसा ही उनका जीवन था । उन्होंने सदैव सभी को मर्यादा में एक्यूरेट रहना सिखाया कितनी भी मनुष्य आत्माओं के संग में आते हुए भी सभी की बातों को सुनते हुए भी खुद हर बात से न्यारी और प्यारी रहती थी।

- जगदंबा जी का व्यक्तित्व समस्त नारी जगत के लिए गौरव और प्रेरणा का स्रोत

### आध्यात्मिक शिक्षा को विश्व के 140 देशों में पहुंचाया

मनमोहिनी दीदी , प्रकाशमणि , जानकी दीदी, ह्रदय मोहिनी जी इत्यादि बहनों ने मातेश्वरी जगदम्बा जी के सानिध्य में रहकर मानवता की सेवा का पाठ सीखा। इन महान आत्माओं ने भारतीय संस्कृति सभ्यता एवं मानवीय मूल्यों के आध्यात्मिक शिक्षा को विश्व के 140 देशों में पहुंचाया । उनके दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए ब्रह्माकुमारी संस्था विश्व सेवा का जो महान कार्य कर रही है, यह मातेश्वरी जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है, मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती को ब्रह्माकुमारी संस्थान की प्रथम मुख्य प्रशासिका होने का गौरव प्राप्त है, और उन्होंने भारतीय संस्कृति और मूल्यों को विश्व भर में फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती मम्मा ने 24 जून, 1965 को अपना देह का त्याग कर संपूर्णता को प्राप्त हुई। प्रभु स्मृति भवन बेमेतरा में सामूहिक राजयोग अभ्यास ▶▶| शेष पेज 13 पर

# कंड़रका पुलिस चौकी क्षेत्र में लगातार चोरियां, लोग परेशान

**बेरला/भिंभौरी।** कंड़रका पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आसपास के गाँवों में चोरी के मामले लगातार बढ़ रहे है। जिसमें व्यवसायिक एवं प्रशासनिक रूप से सुदृढ़ ग्राम गुधेली लगातार चोरों के निशाने पर रहा है। जहां बीते सप्ताह 15 जून की रात को निसार वेल्डिंग एवं एग्रीकल्चर दुकान में लोहा एवं मशीनरी सामान सहित लगभग 3 लाख के सामान की चोरी हो गयी।

मामले को लेकर निसार वेल्डिंग एवं एग्रीकल्चर के संचालक महेंद्र साहू के द्वारा कंड़रका पुलिस चौकी में एफआईआर दर्ज कराई गयी है। किन्तु अभी तक चोरों का कोई पता नही चल पाया है तो वहीं माखन बेकरी के संचालक ओमप्रकाश साहू ने बताया कि ग्राम गुधेली में 23 जून की रात को माखन बेकरी के शटर का ताला तोड़कर गल्ला सहित लगभग 5 हजार रुपए की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। जो कि सीसी टीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है। 23 जून की रात का एक और मामला ग्राम बोरसी से सामने आया है जहां ग्राम बोरसी निवासी सतीश चंद्राकर लाब्या किराना स्टोर संचालक ने बताया कि कान्हा काम्प्लेक्स के अंतर्गत संचालित लाब्या किराना दुकान से नगदी लेकर चोर फरार हो चुके है। ग्राम गुधेली में अब तक चोरी की कई घटनाएँ घटित हो चुकी है। जिसमें जनवरी माह में भोला राम साहू के घर लाखों रूपये के गहने चोरी होने के मामले तथा शासकीय हाई स्कूल गुधेली से प्रोजेक्टर चोरी होने जैसे मामले शामिल है। क्षेत्र में चोरी के लगातार बढ़ते हुए मामले पर नियंत्रण हेतु गुधेली ग्रामवासियों के द्वारा कुछ माह पूर्व कंड़रका पुलिस चौकी में ज्ञापन भी सौंपा गया था। किन्तु क्षेत्र ▶▶| शेष पेज 13 पर

# लालपुर स्कूल प्रांगण में पूर्व सीएमएचओ के रोपित सभी 55 पाम पेड़ हैं सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला लालपुर विकासखंड नवागढ़ में प्रधान पाठक बृजपाल सिंह डाहिरे, रामायण मनहरे, घनश्याम साहू, शांत कुमार पटेल के द्वारा वृक्षारोपण किया गया एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान का प्रशंसा करते हुए सेवानिवृत्त सीएमएचओ बेमेतरा डॉक्टर सतीश कुमार शर्मा के द्वारा प्रदत्त पाम पेड़ को लालपुर स्कूल के प्रांगण में रोपित किया गया। 'एक पेड़ माँ के नाम' वृक्षारोपण की शुरुआत प्रकृक्ति के पोषण के लिए धरती माता और मानव जीवन के पोषण के लिए हमारी माताओं के बीच समानता दर्शाते हुए अपनी माँ के प्रति प्रेम, आदर और सम्मान के प्रतीक के रूप में एक पेड़ लगाने और धरती माता की रक्षा करने का संकल्प लिया गया। शाला के प्रधान पाठक बृजपाल सिंह डाहिरे ने बताया कि इस वर्ष राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के 5 वर्ष पूर्ण होने व एक पेड़ मां के नाम अभियान के द्वितीय वर्ष प्रारंभ होने पर विद्यालय परिसर में पालक समुदाय, छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के द्वारा वृक्षारोपण कार्य किया जाना है, जिसकी शुरुआत आज एक पेड़ मां के नाम से हुई। शिक्षक शान्त कुमार पटेल ने बताया कि वृक्षारोपण करके पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करना है जो पेड़ों एवं हरियाली को दर्शाता है जिससे व्यापक रूप से पेड़ पौधा लगाकर ▶▶| शेष पेज 13 पर

- पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत किया गया था पौधारोपण

## स्वामी आत्मानंद स्कूल हसदा की बालिकाओं ने रचा इतिहास, जिले का बढ़ाया मान

# बेमेतरा की बेटियों ने किया कमाल, राज्य स्तरीय रग्बी में दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बिलासपुर के मिनी स्टेडियम में 23-24 जून को आयोजित आठवीं राज्य स्तरीय अंडर-18 बालक व बालिका रग्बी प्रतियोगिता में बेमेतरा जिले की जूनियर बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया।

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी व हिंदी माध्यम स्कूल, हसदा की बालिका टीम ने बालोद को 10-0, कोरबा को 15-0 और धमतरी को 15-5 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में उनका मुकाबला रायपुर से हुआ, जहां दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। हालांकि अंतिम समय में बेमेतरा को दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। विजेता खिलाड़ियों को चौकसे ग्रुप ऑफ कॉलेज की चेयरमैन डॉ. पलक जायसवाल ने ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। इस जीत से खिलाड़ियों ने साबित कर दिया कि पढ़ाई के साथ खेलकूद भी जीवन का अहम हिस्सा है।




**टीम में ये खिलाड़ी रहीं शामिल:** टीम की कप्तान टिकेश्वरी निर्मलकर, उपकप्तान द्रौपदी निर्मलकर, गोमती यादव, पिंकी निर्मलकर, श्रद्धा मरकाम, सरस्वती, ईशा निर्मलकर, प्रेमलता साहू, जानवी पाल। टीम के कोच आकाश वर्मा और सहायक कोच हिरेंद्र देवांगन थे। प्रशिक्षण में व्यायाम शिक्षक लोकेश्वर राव और रामेश्वरी साहू का विशेष योगदान रहा।

### बधाई देने उमड़े लोग

खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर स्कूल के संस्था प्रमुख दुष्यंत कुमार परगनिहा, श्रीमती शिप्रा सरकार, ग्राम हसदा के वरिष्ठजन संध्या परगनिहा, बलिराम धिवर (शाला विकास समिति अध्यक्ष), तेजस्विनी पवन डहरिया, चंद्रप्रकाश परगनिहा (सरपंच), ओम प्रकाश सिन्हा (उपसरपंच), होमेश्वरी निर्मलकर, दिलेश्वरी धीवर, पंकज वर्मा, अभिषेक, दीपक, आदित्य, ताकेश्वर, कृष्णा बंछोर, दिलीप वर्मा, मानचंद निर्मलकर व संकुल समन्वयक दीपक आडिल सहित कई जनों ने विजयी टीम को बधाई दी।

